MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 307 | ग्वालियर मंगलवार, 29 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### बिजनेसमैन फैमिली के छह लोगों की एक साथ हुई मौत की जांच अब सीबीआई करेगी




**रांची।** झारखंड के हजारीबाग शहर में एक बिजनेसमैन फैमिली के छह सदस्यों की मौत की जांच अब सीबीआई करेगी। यह घटना 2018 में हुई थी, जिसकी जांच सीआईडी ने की थी। सीआईडी ने हाल में इसकी जांच पूरी करते हुए जो रिपोर्ट दी है, उसमें इसे सामूहिक आत्महत्या बताया गया है। इस जांच पर सवाल उठाते हुए फैमिली के एक रिश्तेदार राजेश माहेश्वरी ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सोमवार को हाईकोर्ट में जस्टिस एसके द्विवेदी ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। हजारीबाग के खजांची तालाब के पास स्थित सीडीएम शुभम अपार्टमेंट के तीसरे तल्ले के फ्लैट नंबर 303 में माहेश्वरी परिवार के छह लोगों के शव 14 जुलाई 2018 को संदिग्ध स्थिति में मिले थे। मृतकों में परिवार के मुखिया महावीर अग्रवाल, पत्नी किरण अग्रवाल, उनके बेटे नरेश अग्रवाल, बहू प्रीति अग्रवाल, पोती अन्वी उर्फ परी अग्रवाल और पोता अमन अग्रवाल शामिल थे। महावीर अग्रवाल का शव बेडरूम के पंखे से लटका मिला था। पत्नी किरण अग्रवाल का शव बिस्तर पर पड़ा था। बेटे नरेश अग्रवाल का शव अपार्टमेंट के बाहर नीचे गिरा पड़ा था। उनके हाथ और पैर टूटे हुए थे। बहू प्रीति अग्रवाल और पोता अमन के शव फांसी पर लटके थे, जबकि पोती अन्वी का शव घर में सोफे पर पड़ा था। लंबी जांच के बाद भी पुलिस घटना की गुत्थी नहीं सुलझा पाई। इसके बाद सीआईडी को जांच सौंपी गई। साढ़े चार साल बाद सीआईडी इस नतीजे पर पहुंची थी कि घर के सभी सदस्यों ने आत्महत्या की थी।

### कलयुगी बना पिता, 5 लाख देकर बनाई कराई सगे बेटे हत्या




**नई दिल्ली।** कलयुगी पिता उत्तरप्रदेश के मेरठ एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक कलयुगी पिता पर दूसरी शादी का ऐसा भूत सवार हुआ कि उसने अपने बेटे की हत्या के लिए सुपारी दे दी. पिता ने इस काम के लिए कॉन्ट्रैक्ट किलर हायर किया जिसे 5 लाख रुपए दिए. कॉन्ट्रैक्ट किलर हत्या ने बेटे की लाश को नदी में फेंक दिया. इतना ही नहीं पिता ने पुलिस को भी गलत जानकारी दी. जानकारी के अनुसार ये घटना मेरठ के सरधना एरिया की है. यहां एक रिटायर्ड फौजी जिसका नाम संजीव है, का अपनी पत्नी के साथ पिछले 15 सालों से लगातार झगड़े जारी है. वहीं उसका बेटा सचिन जो 27 साल का है वो अपनी मां के साथ रह रहा था. पिता अपनी मर्जी से दूसरी शादी करना चाहता था लेकिन उसका बेटा उसके निर्णय से नाराज था. जिसके बाद आए दिन दोनों में बहसबाजी होती रहती थी. बस फिर क्या था पिता को बेटे की बात मंजूर नहीं था. पिता ने बेटे की हत्या करने का प्लान तैयार कर लिया. आरोपी पिता ने बेटे को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की सुपारी दे दी. कलयुगी पिता ने इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट किलर को हायर किया. इस काम के बदले 5 लाख रुपए देने की बात हुई. किलर ने पहले सचिन शराब पिलाई और जब वो नशे में था तो गला दबाकर हत्या कर दी. इसके बाद लाश को हिंडन नदी में फेंक दिया.

### उज्जैन में 5 लाख भक्त! महाकाल दर्शन के लिए रात 12 बजे से लग गई लंबी लाइन

**नई दिल्ली।** एमपी में सावन के आखिरी सोमवार पर शिवभक्ति की धूम है। अधिक मास के कारण इस आठवें सोमवार पर प्रदोष का भी संयोग बना है। ऐसे में उज्जैन में तो महाकाल दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। यहां महाकाल की पूजा और दर्शन के लिए भक्त रात 12 बजे से ही लाइन में लग गए थे। यहां आज शाम महाकाल की सवारी भी निकाली जाएगी। सीएम शिवराजसिंह चौहान भी आज महाकाल की पूजा अर्चना करने उज्जैन पहुंचेंगे। आज यहां 5 लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। सावन सोमवार पर सबसे पहले महाकाल की भस्मारती की गई और इसके साथ ही महाकाल मंदिर के पट तड़के 2:30 बजे खोल दिए गए। महाकाल के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। सावन माह के अंतिम सोमवार को सोम प्रदोष के संयोग में महाकाल के दर्शन के लिए लोग आधी रात से ही कतार में लग चुके थे। पुजारियों ने महाकाल को भस्म लगाई और भांग के साथ त्रिपुण्ड लगाया तथा पंचामृत अभिषेक किया। महाकाल का श्रृंगार करने के बाद भस्म आरती की गई। कपड़े से ढंक कर महाकाल को भस्म रमाई गई। भस्म आरती का महाकाल के भक्त चलायमान दर्शन करते रहे। भस्म आरती में पूर्व मंत्री व कांग्रेसी नेता जयवर्धन सिंह भी शामिल हुए। इधर पूरे उज्जैन में श्रद्धालुओं की जबर्दस्त भीड़ देखी जा रही है। सावन माह के आखिरी सोमवार और सोम प्रदोष के संयोग पर आज यहां 5 लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। महाकाल मंदिर के साथ ही शहर के अन्य शिव मंदिरों, काल भैरव मंदिर, मंगल नाथ मंदिर और गढ कालिका सहित सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी है।

## पीएम मोदी आज 51 हजार युवाओं को बांटेंगे नियुक्ति पत्र, 45 स्थानों पर लगेगा रोजगार मेला

> बयान में कहा गया है कि देशभर से चुने गए नए रंगरूट गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी), उप-निरीक्षक (सामान्य ड्यूटी) और गैर सामान्य ड्यूटी कैडर पद समेत विभिन्न पदों के लिए युवाओं का चयन किया गया है. प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि सीएपीएफ के साथ दिल्ली पुलिस को मजबूत करने में मदद मिलेगी. जिससे इन बलों को आंतरिक सुरक्षा के साथ आतंकवाद, उग्रवाद, वामपंथी उग्रवाद का मुकाबला करने के अलावा राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने में मदद मिलेगी. जिससे ये बल अपनी बहुआयामी भूमिका को अधिक प्रभावी ढंग से निभा पाएंगे.

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (सोमवार) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटेंगे. इसके लिए देशभर में 45 स्थानों पर रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा. ये जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में दी गई. मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत केंद्र की नौकरियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगें. जिसमें गृह मंत्रालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की भर्ती शामिल है.

पीएमओ के बयान में यह भी कहा गया है कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार यानी 28 अगस्त, 2023 को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नए भर्ती किए गए युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र बांटेंगे. इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी नियुक्त उम्मीदवारों को संबोधित भी करेंगे. बयान में कहा गया है कि देशभर से चुने गए



नए रंगरूट गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी), उप-निरीक्षक (सामान्य ड्यूटी) और गैर सामान्य ड्यूटी कैडर पद समेत विभिन्न पदों के लिए युवाओं का चयन किया गया है. प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि सीएपीएफ के साथ दिल्ली पुलिस को मजबूत करने में मदद मिलेगी. जिससे इन बलों को आंतरिक सुरक्षा के साथ आतंकवाद, उग्रवाद, वामपंथी उग्रवाद का मुकाबला करने के अलावा राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने में मदद मिलेगी. जिससे ये बल अपनी बहुआयामी भूमिका को अधिक प्रभावी ढंग से निभा पाएंगे. बता दें कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की पीएम मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है.

### इंदौर में महिला को डकार आने पर विवाद, चाकू भी चले

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है, एक महिला को एसीडिटी के चलते डकार क्या आई, दो परिवारों में विवाद हो गया, मारपीट और चाकूबाजी तक हुई। दोनों पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामला इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र के संजय नगर का है। यहां के निवासी राहुल की मां की रविवार की रात को तबीयत बिगड़ी और उन्हें एसीडिटी होने के साथ डकारें भी आईं। इसके चलते पड़ोस में रहने वाले आकाश ने आपत्ति दर्ज कराई और चाकू से हमला भी किया गया। इसके बाद यह मामला पुलिस के पास पहुंचा। आकाश ने शिकायत दर्ज कराई है कि पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति के यहां से शोर होता है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। शोर न मचाने के लिए कहा गया। लेकिन, वह नहीं माने और विवाद हो गया। राहुल और आकाश ने थाने में शिकायत दी है।

### तेलंगाना में दौरा पड़ने के बाद पुलिस स्टेशन में युवक की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मंचेरियल जिले के पुलिस थाने में एक युवक की उस समय मौत हो गई जब उसे एक मामले में पूछताछ के लिए लाया गया था। घटना 26 अगस्त (शनिवार) की रात बेल्लमपल्ली शहर के टू टाउन पुलिस स्टेशन में हुई। यह घटना पुलिस स्टेशन में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो सोमवार को सामने आया। कीर्ति अंजी ((25) नाम का युवक पुलिस स्टेशन में एक कुर्सी पर बैठकर अपना मोबाइल फोन देख रहा था, जब उसे अचानक दौरा पड़ा। वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि एक पुलिसकर्मी, कुछ दूरी पर खड़ा है और अपने मोबाइल फोन पर व्यस्त है, युवक के पास आता है और उसे संभालने की कोशिश करता है। क्लिप में दो महिला पुलिसकर्मी भी नजर आ रही हैं। पुलिस ने कहा कि उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि युवक के परिवार ने कोई शिकायत दर्ज कराई है या नहीं।



## नूंह में एंट्री करने वालों पर पैनी नजर

**नई दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में जलाभिषेक यात्रा के चलते पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. नूंह आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. पुलिस और सुरक्षाकर्मी नूंह आने वालों पर पैनी नजर रखे हुए हैं. हालांकि, सावन का अंतिम सोमवार होने की वजह से सुबह से ही नूंह के नलहड़ मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए लोग आ रहे हैं. हालांकि, पुलिस पूजा के लिए सिर्फ स्थानीय लोगों को ही मंदिर में जाने दिया जा रहा है. सोमवार सुबह नूंह शहर के लोगों को भी नलहड़ मंदिर में जाने से पहले रोका गया. उधर, नूंह जाने की कोशिश कर रहे अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया. नूंह जाने से रोके जाने के बाद उन्होंने कहा कि, मैं अयोध्या से यहां आया हूं... प्रशासन ने हमें यहां रोक दिया है, वे हमें आगे नहीं बढ़ने दे रहे हैं और न ही वे हमें वापस जाने दे रहे हैं. इसलिए मैं आमरण अनशन कर रहा हूं. अगर वे (प्रशासन) यहां से हटाएगा तो मैं वहां भी मृत्यु तक अनशन करूंगा. बता दें कि नलहड़ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए कुछ लोगों को अनुमति मिली है.



बताया जा रहा है कि विश्व हिन्दू परिषद और हिन्दू संगठनों से जुड़े करीब 50 लोग मंदिर में जलाभिषेक कर सकेंगे. जलाभिषेक के लिए पुलिस प्रशासन अपने ही वाहनों में लोगों को मंदिर लेकर जाएगा. सभी लोगों को पुलिस लाइन से लेकर जाएगी. हालांकि ये सभी लोग नूंह जिले के हैं. बाहरी लोगों को इसमें शामिल होने की अनुमति नहीं है. जलाभिषेक में शामिल होने वाले लोगों की पुलिस ने लिस्ट बनाई है. नूंह को लेकर प्रशासन ने राज्य पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा है. पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है. इसके साथ ही जिले के स्कूल, कॉलेज और बैंकों समेत सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखा गया है.

## मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने बंद किया मामला

**नई दिल्ली।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने पर रोक से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि रेलवे ने अतिक्रमण विरोधी अभियान पूरा होने की जानकारी दी है. ऐसे में अब यहां सुनवाई की जरूरत नहीं. किसी दूसरी राहत के लिए याचिकाकर्ता निचली अदालत जा सकते हैं. 16 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर 10 दिन की रोक लगाई थी, लेकिन आज इस रोक को आगे बढ़ाने से मना कर दिया. रेलवे ने कोर्ट को बताया था कि जिन मकानों को गिराया जाना था, वह पहले ही गिराए जा चुके हैं. आगे किसी कार्रवाई की कोई योजना नहीं है. इसके बाद जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच ने मामले पर सुनवाई बंद कर दी. मथुरा से वृंदावन को जोड़ने वाली रेल लाइन अभी मीटरगेज है. पिछले कई सालों से इस पर रेल सेवा बंद है. लाइन के दोनों तरफ लोगों ने पक्के मकान बना लिए हैं. रेलवे अब इस लाइन को ब्रॉड गेज करने जा रही है. रेलवे ने अपनी जमीन खाली करने के लिए वहां बसे लोगों को तीन बार नोटिस दिया, लेकिन उन लोगों पर इसका कोई असर नहीं हुआ. उसके बाद रेलवे ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की. मथुरा की नई बस्ती के रहने वाले याचिकाकर्ता याकूब शाह ने दावा किया




था कि 100 साल से भी अधिक समय से लोग उस जगह पर बसे हैं. अतिक्रमण अभियान के खिलाफ उनकी याचिका निचली अदालत और इलाहाबाद हाई कोर्ट में लंबित है, लेकिन रेलवे ने बुलडोजर चलाने शुरू कर दिए. याचिकाकर्ता के लिए पेश वकील की मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट इलाके में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दे, लेकिन कोर्ट ने इससे मना कर दिया.

## जिस प्रेशर कुकर में बना खाना, उसी से कर दिया लिव-इन पार्टनर का मर्डर

**नई दिल्ली।** देश में लिव-इन पार्टनर की बेरहमी से हत्या का एक और मामला सामने आया है. बेंगलुरु में एक युवती कि सिर पर प्रेशर कुकर से वार करके उसको मौत के घाट उतार दिया गया. युवती के लिव-इन पार्टनर पर हत्या का आरोप लगा है. बेंगलुरु पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना दक्षिण बेंगलुरु के बेगुर क्षेत्र की है. दोनों केरल के रहने वाले हैं और बेंगलुरु में लिव-इन में रहते थे. आरोपी की पहचान वैष्णव के तौर पर हुई है. दोनों मार्केटिंग फील्ड में काम करते थे और कुछ सालों से साथ रह रहे थे. बताया जा रहा है कि आरोपी को लड़की पर कुछ शक था, जिसके चलते इस घटना को अंजाम दिया. बेंगलुरु पुलिस के डीसीपी सीके बाबा ने बताया कि दोनों केरल के रहने वाले हैं और कुछ सालों से एक साथ बेंगलुरु में रह रहे थे. दोनों सेल्स और मार्केटिंग फील्ड में काम करते थे. पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि कुछ दिन पहले




वैष्णव को मृतिका पर शक हुआ, जिसके चलते अक्सर दोनों के बीच लड़ाई होती रहती थी. उन्होंने कहा कि रविवार को दोनों में बहस हुई और आरोपी ने लड़की के सिर पर प्रेशर कुकर से ही हमला कर दिया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवती उसी कुकर में खाना बना रही थी. जैसे ही लड़की के सिर पर कुकर लगा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने बताया कि आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया. जांच में पता चला है कि दोनों पिछले दो साल से बेंगलुरु के बेगुर इलाके में किराए के मकान में रह रहे थे. पड़ोसियों के मुताबिक, दोनों को अक्सर एक-दूसरे से लड़ते और एक-दूसरे पर चिल्लाते देखा गया. दोनों की जान पहचान कॉलेज के समय से थी. वैष्णव एक मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव है और एक लोकल फर्म में करता है. घटना के बाद वह फरार हो गया, लेकिन सोमवार को पुलिस ने उसको शिकंजे में ले लिया. पुलिस का कहना है कि इससे पहले कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई थी.

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के डिलीवरी ड्राइवर की हत्या के आरोप में चार गिरफ्तार



**लंदन।** पुलिस ने कहा कि चार लोगों पर 23 वर्षीय भारतीय मूल के डिलीवरी ड्राइवर की हत्या का आरोप लगाया गया है। पश्चिमी इंग्लैंड में छुराधारी गिरोह के हमले शख्स की मौत हो गई थी। डायनेमिक पार्सल डिस्ट्रीब्यूशन के साथ काम करने वाले ऑरमैन सिंह की 21 अगस्त को श्ररुस्बरी के बेरविक एवेन्यू में पार्सल डिलीवरी करते समय हुए हमले में मौत हो गई। मौके पर पहुंची आपातकालीन सेवाओं के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। वेस्ट मर्सिया पुलिस ने हत्या के सिलसिले में टिपटन के 24 वर्षीय अर्शदीप सिंह, डुडले के 22 वर्षीय जगदीप सिंह, स्मेथविक के 26 वर्षीय शिवदीप सिंह और 24 वर्षीय मनजोत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि चारों आरोपियों को 26 अगस्त को मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश किया गया। पांचवें व्यक्ति को, जिसे एक अपराधी की सहायता करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था, जमानत पर रिहा कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने द सन को बताया कि हत्या वाले दिन सुबह 11 बजे से इलाके में एक कार खड़ी देखी गई थी, इसके बाद उन्होंने लोगों को चाकू, बेसबॉल बैट और फावड़े से लैस देखा। वरिष्ठ जांच अधिकारी, डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर मार्क बेलामी ने कहा कि जिन लोगों पर इसमें शामिल होने का संदेह है, वे श्ररुस्बरी या व्यापक वेस्ट मर्सिया पुलिस क्षेत्र के स्थानीय नहीं हैं। बेलामी ने कहा था, हमारी जांच जारी है और अधिकारी उन परिस्थितियों को स्थापित करने के लिए कई पूछताछ कर रहे हैं, जिसके कारण ऑरमैन की हत्या हुई।

## रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में ईशा-आकाश और अनंत अंबानी की एंट्री, नीता होंगी बाहर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 46वीं सालाना आम बैठक आयोजित हुई. चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत दुनिया का नेतृत्व करने की ताकत रखता है. आज का भारत न रुकता है, न थकता है और न हारता है. उन्होंने कहा कि नया रिलायंस भारत की विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर है. एजीएम को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में ईशा-आकाश और अनंत अंबानी शामिल होंगे. वहीं, नीता अंबानी बोर्ड से अलग होंगी. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने एजीएम की बैठक में एक और महत्वपूर्ण घोषणा की. उन्होंने कहा कि छ्ब्द्बश्र्द्बह्ल फाइबर 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लॉन्च किया जाएगा.

मुकेश अंबानी ने कहा कि साल के लिए रिलायंस



का निर्यात 33.4त्न बढ़कर 3.4 लाख करोड़ हो गया. भारत के माल निर्यात में हमारी हिस्सेदारी 8.4त्न से बढ़कर 9.3त्न से अधिक हो गई है. आने वाले वर्षों में, मैं देख सकता हूं कि देश और विदेश दोनों में वैल्यू और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे मेड इन इंडिया तकनीकी स्टैक का लाभ उठा रहा है. प्रति उपयोगकर्ता डेटा खपत में बढ़ोतरी हुई है और औसत उपयोगकर्ता हर महीने 25 जीबी से अधिक की खपत कर रहा है. यह छ्ब्द्बश्र नेटवर्क पर प्रति माह 1,100 करोड़ त्नक्कका अनुवाद करता है, जो 45त्न की बढ़ोतरी है. मुकेश अंबानी ने इस दौरान बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इंश्योरेंस सेक्टर में भी जियो फाइनेंस उतरेगा. इसके लिए ग्लोबल लीडर्स से पार्टनरशिप करने की तैयारी चल रही है. फाइनेंसियल सेवा के जरिए 142 करोड़ भारतीयों को कवर करने की तैयारी की जा रही है. 46वीं एजीएम की बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि 5त्न रोलआउट पिछले अक्टूबर में शुरू किया था, यह पहले से ही हमारे देश के 96त्न से अधिक जनगणना शहरों में मौजूद है. हम इस साल दिसंबर तक पूरे देश को 5 जी नेटवर्क से कवर कर लेंगे. मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो के लिए कंपनी का एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है. जियो 5 जी का रोलआउट दुनिया में किसी भी कंपनी का सबे तेज 5 जी रोलआउट है.

## वागीश नाथ ज्योतिष कार्यालय पंडित भगवत स्वरूप शर्मा चाचोडा

योगेश शर्मा



द्वितीय श्रवण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा बुधवार 30 अगस्त 2023 रक्षाबंधन का पर्व रात्रि में ही मनाया जाएगा क्योंकि 31 अगस्त 2023 में पूर्णिमा तिथि 7:06 तक ही पूर्णिमा रहेगी इसलिए शास्त्र के मत अनुसार रक्षाबंधन पर 30 अगस्त को ही मनाया जाएगा चाहे भद्रा कहीं की भी हो जैसे स्वर्ग की भद्रा पाताल की भद्रा या भूमि की भद्रा मैं रक्षाबंधन पर्व मनाना निषेध है 30 अगस्त 2023 10:59 से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो जाएगी जो की 31 अगस्त 2023 प्रातः काल 7:06 तक पूर्णिमा तिथि रहेगी शास्त्र के माता अनुसार 30 अगस्त 2023 भादरा के पश्चात रात्रि 9:02 पर रक्षाबंधन राखी बांधने का मुहूर्त शास्त्र के माता अनुसार शुभ सूचक रहेगा इति शुभम

## बीईओ कार्यालय में हुआ करोड़ों का घोटाला

पुष्पांजलि टुडे योगेश शर्मा




**चाचौड़ा।** शिक्षा विभाग में बड़ा घोटाला सामने आया है बीईओ कार्यालय में पदस्थ लेखपाल क्लार्क और व्रत के परिजनों के खाते में एक करोड़ तेल 13 लख रुपए की राशि को अवैध रूप से डाले गए हैं इस घोटाले को आयुक्त कोष एवं लेखा विभाग के मुख्यालय ने पकड़ा है इस पूरे मामले की जांच के लिए संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ग्वालियर चंबल संभाग को एक पत्र भेजा है उक्त भुगतान का काम लेखपाल स्वाति जैन क्रिएटर के रूप में कार्यरत रहे मुकुट बिहारी प्रजापति और भारतीय नारायण लाल घोड़ी करते हैं नारायण प्रसाद घोड़ी वृत्त के पद पर होने के बाद भी क्लर्क का काम संभाल रहे इन तीनों ने कर्मचारियों का पैसा उनके खातों में ना डालकर अपने नजदीकियों के खाते में डाला यह पैसा स्वाति जैन ने पति भाई के खाते में ट्रांसफर किया वहीं मुकुट बिहारी की पत्नी दो पुत्र और दो पुत्री के खाते में डाले गए हैं उक्त मामले की जांच सोमवार को ग्वालियर की टीम चौरा जाकर करेगी बीईओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्वालियर की टीम सोमवार को जांच हेतु आएगी दोषी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी।

# जनपद पंचायत पटेरा में चल रहा अतिरिक्त प्रभार का खेल, पल में बदल रहे हैं आदेश

### मूल पंचायत से 20 से 40 किलोमीटर दूरी तक दिया जा रहा अतिरिक्त प्रभार

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**दमोह।** पटेरा जनपद मे चल रहा अतिरिक्त प्रभार का खेल अतिरिक्त प्रभार में है रोजगार सहायक जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत में सचिव हैं जनपद में अटेच रोजगार संचालित कर रहे हैं ग्राम पंचायत पटेरा जनपद पंचायत लगातार सुर्खियों में बनी रहती है पटेरा जनपद पंचायत की कई ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक द्वारा ग्राम पंचायत संचालित की जा रही है क्योंकि सरपंच के माध्यम से ग्राम पंचायत संचालित नहीं होती हैं इस कारण रोजगार सहायक को अतिरिक्त प्रभार दिया जा रहा है सचिव और रोजगार सहायक को ग्राम पंचायत की जगह जनपद में अटैच कर दिया जाता है जबकि ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिवों को जनपद में लंबे समय से अटैच किए हैं ऐसे कई सचिव हैं जो लगभग कई महीनो से जनपद कार्यालय में अटैच है जनपद कार्यालय भी समय से नहीं पहुंचते हैं ना ही ग्राम पंचायत का किसी भी प्रकार का काम देख रहे हैं जिला पंचायत सीईओ द्वारा ऐसे कई आदेश किए गए हैं जो नियमों को ताक पर रखते हुए ग्राम पंचायत की दूरी लगभग 20 से 40 किलोमीटर की है 10 से 20 किलोमीटर की है पड़ोसी ग्राम पंचायत को ना अतिरिक्त प्रभार देते हे जो दूरी के रोजगार सहायक एवं सचिवों को प्रभाव दिया गया है जबकि नियम अनुसार पड़ोसी ग्राम पंचायत के सचिव को ही अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत का दिया जाता है संबंधित नियमों को जिला पंचायत सीईओ द्वारा ताक पर रखते हुए ऐसे कई आदेश किए गए हैं जनपद पंचायत कार्यालय में प्रेम कुमार साहू सचिव, परसराम पटेल सचिव, सुदामा पटेल सचिव, मनीष दुबे सचिव कई महीनो से अटैच है ओर जो निलंबित सचिव गोविंद अवस्थी, मेघराज सिह, कमलेश उपाध्याय, मनमोहन पटेल है ओर पटेरा जनपद में अटैच रोजगार सहायक संजय शुक्ला, लक्ष्मीकांत दुबे, नरेंद्र पटेल, रत्नेश मिश्रा ओर जिन को ग्राम पंचायत में अतिरिक्त प्रभार है सचिव बनगांव एवं सलैया के एक ही सचिव के पास प्रभार हैं महुआ खेड़ा एवं मझगुवापतोल के एक ही सचिव के पास प्रभार है ग्राम पंचायत इमलिया एव निमरमुंडा के सचिव के पास एक प्रभार है बरखेड़ा बैस एवं भटिया के एक ही सचिव के पास प्रभार है नयागांव एवं कुंवरपुर ग्राम पंचायत पास सचिव का प्रभाव है बिला खुर्द में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ हैं लेकिन सचिब का प्रभार अतिरिक्त में है। जिले में अतिरिक्त प्रभार का सचिवों के पद का है जो सचिव एवं तहह्य जनपद पंचायत पटेरा में अटैच है उनको पंचायत दी जाए और जो अतिरिक्त सचिव रोजगार सहायक के




के एक ही सचिव के पास प्रभार है हिनौती एवं मझौली के एक ही सचिव के पास प्रभार है रोड़ा एवं कंजरा के एक ही सचिव के पास प्रभार है लुहर्रा एवं लुहारी एक ही सचिव के पास प्रभार है शिकारपुरा एवं रेवझाकला के एक ही सचिव के पास प्रभार है ग्राम पंचायत महूना एवं गाता के एक ही सचिव के पास प्रभार है। जनपद के ग्राम पंचायत में जो रोजगार सहायक अतिरिक्त प्रभार में सचिव के पद पर हैं मझगुवा हंसराज के पास प्रभार है सचिव का कुम्हारी में रोजगार सहायक मझोली के खेल चल रहा है शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है जिसको चाहे ग्राम पंचायत का प्रभार दिया जा रहा है ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य विकास कार्य को ध्यान में ना रखते हुए अतिरिक्त प्रभार का ध्यान रोजगार सहायक एवं सचिव रख रहे हैं जिसमें अधिकारी भी मौन है अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त प्रभार का आदेश किया जा रहा है जबकि नियम अनुसार अतिरिक्त प्रभार का आदेश पड़ोसी ग्राम पंचायत एवं सचिव होने के बाद ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक के पास अतिरिक्त प्रभार अतिरिक्त पद लिए हैं उनको हटाया जाए। जब इस संबंध में पटेरा जनपद सीईओ- अरविंद बोरकर से बात की तो उनका कहना है इस विषय मे आज जिलापंचायत सीईओ से चर्चा करने जा रहा हूँ। जब इस संबंध में जिला सीईओ - अर्पित वर्मा से बात की तो उनका कहना है आप के द्वारा बताया गया में जांच करवाता हूँ। जब इस संबंध में कलेक्टर- मयंक अग्रवाल से बात हुई तो उनका कहना है कि इस विषय मे जिला सीईओ से जानकारी लीजिए।

## रीवा कलेक्टर ने 15 अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

### समय सीमा वांछित सेवाएं न देने वाले 15 अधिकारियों पर लगा जुर्माना



**दैनिक पुष्पांजली टुडे, (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल विभागों में चिन्हित सेवाएँ देने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। समय सीमा में आम जनता को वांछित सेवाएं उपलब्ध न कराने पर जुर्माने का प्रावधान है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समय सीमा में वांछित सेवाएं न देने वाले 15 अधिकारियों पर जुर्माना लगाया है। इस संबंध में जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार नायब तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान दिलीप कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार गुड़ तेजपति सिंह, तहसीलदार गुड़ विनयमूर्ति शर्मा, नायब तहसीलदार हुजूर श्रीमती विन्ध्या मिश्रा, नायब तहसीलदार जवा लालाराम सूर्यवंशी तथा नायब तहसीलदार सेमरिया राजेश शुक्ला पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह तहसीलदार सेमरिया अर्जुन कुमार बेलवंशी, तहसीलदार जवा रामनिवास सिंह सिकरवार, नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ अरूण यादव, नायब तहसीलदार त्योंथर तथा नायब तहसीलदार रायपुर सोनौरी द्वारिका दहायत एवं नायब तहसीलदार त्योंथर तथा नायब तहसीलदार चाकघाट राजेश तिवारी पर दो-दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। तहसीलदार मऊगंज सौरभ मरावी तथा नायब तहसीलदार सीतापुर श्यामलाल मोगरे पर पाँच-पाँच हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**केशब पंडित जी अम्बाह**



अम्बाह। आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को देखते हुए शहर में साफ-सफाई और पानी के इंतजाम किए जाए। सभी लोग सौहाद्रपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसको लेकर पुलिस विभाग सुरक्षा की व्यवस्था करें। यह समझाईश अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर ने सोमवार को तहसील कार्यालय मिढेला रोड पर सभागार में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में कही उन्होंने कहा कि अम्बाह शहर में ईद-उल-अजहा, रक्षाबंधन, भुजरिया एवं जन्माष्टमी को देखते हुए सड़क पर यातायात व्यवस्था को बेहतर ढंग से बनाए। भुजरिया के अवसर पर तालाब नदी रपटो घाटो पर पुलिस सुरक्षा ब्यबस्था के कडे इन्तजाम करे पुलिस वहा पहुचे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो।अम्बाह एसडीओपी रवि भदौरिया ने कहा है कि कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये सभी त्योहारों पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध रहेगा। शहरवासियों से भी अपील की गई है कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार शांति और सदभाव के साथ मनाएं त्यौहार मनाये सभी ब्यापारी दुकानदार हाथ ठैला बाले गंज बाजार मे बिल्कुल न जाये और दुकानदार भाई दुकान के आगे रोड पर सामान रखकर बिक्री न करे अगर पाये गये तो कारबाही निस्चित समझे और राखी पर सामान खरीदने बाली बहन बेटियो से निबेदन है कि सोने के आभूषण जैसे जंजीर झुमकी अन्य बडे आभूषण पहन कर खरीदारी करने बिल्कुल न आये हो सके तो परिबार का एक सदस्य जरूर साथ में होबे बैसे हमारी पुलिस पीपल चौराहे से लेकर दाऊ की कोठी तक उपलब्ध रहैगी अगर कोई परेशानी हो तो 100 नम्बर डायल करे पैसो के बटुआ पर्स सुरक्षित अपने पास रखे और शांति समिति के सदस्यों ने भी त्योहारों पर शांति और सदभाव बनाए रखने और त्योहारों को मिल जुल कर मनाने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से शहर में अतिक्रमण का मुद्दा उभर कर सामने आया बैठक के दौरान तय किया गया कि सड़क किनारे लाइन खींचकर उसके अंदर ठेला वालों को व्यापार करने की अनुमति दी जाएगी इसके साथ ही जगह-जगह ई रिक्शा के स्टैंड भी खत्म किए जाएंगे, उनका रूट तय कर संबंधित रूट पर ही चलाने की योजना बनाई गई। इस अबसर पर बरिष्ट समाजसेबी गजेन्द्र सिह तोमर उमाचरन कटारे बच्चूलाल गुप्ता कल्ला शर्मा मण्डल अध्यक्ष उमेश जैन एवं फल सब्जी आढतिया व पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।

### आदिशंकराचार्य द्वारा स्थापित दिव्य पचमठा धाम के

# पुर्नरूद्धार कार्यका केबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया लोकार्पण







## धार्मिक स्थलों का पुर्नरूद्धार रीवा के विकास का मार्ग प्रशस्त करता हैः मंत्री राजेन्द्र शुक्ल

## वैदिक रीतियों के अनुसार विधि विधान से आध्यात्मिक पचमठा आश्रम का हुआ लोकार्पण

**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** आदिशंकराचार्य द्वारा रीवा शहर के बीहर नदी के तट पर 818 ईस्वी में स्थापित भारत के पांचवे मठ के तौर पर मान्य पचमठा आश्रम एवं इसके परिसर के पुर्नरूद्धार कार्य का लोकार्पण वैदिक रीतियों के अनुसार पूजन अर्चन कर किया गया। प्रदेश के केबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वामी कृषि कुमार की तपो स्थली आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक पचमठा आश्रम के पुर्नरूद्धार कार्य का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर के साक्षी रहे ब?ी संख्या में उपस्थित साधु एवं संत। इस दौरान सांसद श्री जनार्दन मिश्र एवं विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी तथा कमिश्नर रीवा संभाग श्री अनिल सुचारी भी उपस्थित रहे। मंत्री श्री शुक्ल ने पचमठा आश्रम के मुख्य द्वार में फीता काटकर लोकार्पण किया तदुपरांत वह सपरिवार रूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन व आरती में शामिल हुए।

लोकार्पण अवसर के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि धार्मिक स्थलों का पुनरूद्धार रीवा के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। आज का दिन गौरव का दिन है जो अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत में सनातन धर्म की चर्चा आदिशंकराचार्य जी के स्मरण से होती है। शंकराचार्य ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके द्वारा भारत के चारों दिशाओं में पीठों की स्थापना की गई और रीवा की धरती भी पवित्र हुई जब वह यहां आये और इस पचमठा आश्रम में उनका प्रवास हुआ। रीवा के पचमठा आश्रम में चारों मठों की प्रतिकृतियों के इतिहास को दर्शाया गया है तथा उनके पीठाधीश्वर का भी इतिहास अंकित है। पांचवे मठ पचमठा के इतिहास के साथ तपस्वी स्वामी ऋषि कुमार जी का भी स्मरण किया गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि संक्रमण काल में भी संस्कृत भाषा को बचाने का कार्य रीवा में हुआ और यहां के संस्कृत विद्वानों की संपूर्ण भारत में ख्याति रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा में संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापित करने की भी बात कही है। श्री शुक्ल ने बताया कि बीहर नदी के किनारे बनाये जा रहे रिवर फ्रंट के तट पर पचमठा आश्रम का लोकार्पण आज हुआ। संपूर्ण निर्मित रिवर फ्रंट का लोकार्पण 30 सितंबर को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पचमठा परिसर का रखरखाव नगर निगम की देखरेख में होगा। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि श्री राजेन्द्र शुक्ल आधुनिक रीवा के शिल्पी है। उनके अथक मेहनत व संकल्प शक्ति से यह स्थल जागृत हुआ है। रीवा के धार्मिक स्थलों का विकास यहां की सांस्कृतिक ज?ो को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि आज दुनिया हमारे देश के सनातन व विज्ञान के समन्वय को आश्चर्य के साथ देख रही है जिससे भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए विधायक सेमरिया केपी त्रिपाठी ने कहा कि मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का अपनी जन्म भूमि के प्रतिप्यार अकथनीय है। उनके द्वारा विकास के कार्य अनवरत जारी है। महाकाल लोक की तर्ज पर पचमठा महालोक का लोकार्पण हमेशा के लिये इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया है। आज का दिवस विन्ध्य के अमृतकाल का दिवस है। जिसके विकास के प्रयास श्री शुक्ल द्वारा अनवरत किये जा रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि वर्षो से उपेक्षित रहे पचमठा आश्रम के जीर्णोद्धार से यह स्थल पुनः अपने अलौकिक स्वरूप को प्राप्त कर पाया है। उन्होंने श्री शुक्ल के द्वारा किये गये प्रयासों के लिये साधुवाद दिया। कार्यक्रम को डॉ. बलराम पाण्डेय, स्नेह प्रभा त्रिपाठी एवं स्वामी ब्राम्हाचारी जी ने सम्बोधित किया। इससे पूर्व कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि पुर्नधनत्वीकरण योजनान्तर्गत 500 लाख रूपये की लागत से पंचमठाधाम परिसर में प्रवेश द्वार, मंदिर का जीर्णोद्धार, संत निवास एवं गौशाला का निर्माण के साथ ही परिसर में चारो मठों की प्रतिकृति व पाथवे का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में मंत्री श्री शुक्ल ने उपस्थित साधु एवं संतजनों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। लोकार्पण दिवस की संध्या में पुष्पेन्द्र शेखर के भजनों एवं उज्जैन के कलाकारों द्वारा आदिशंकराचार्य पर नाटऋ मंचन की प्रस्तुति भी हुई। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र ताम्रकार, शिवेन्द्र सिंह, चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र, राजगोपाल मिश्र चारी, राजेश पाण्डेय, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, एसडीएम अनुराग तिवारी, उपायुक्त हाउसिंग बोर्ड प्रबोध पराते, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा, सहित पार्षदगण, साधु व संत जन तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पार्षद वार्ड क्रमांक 35 सैय्यद अख्तर ने किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव द्वारा किया गया।

## करैरा राष्ट्रीय हिंदू कहानी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी राजू भैया जीका प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश श्री बाल गोविंद जी द्वारा किया गया जोरदार स्वागत

संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे





आज 26 7 2023 को करेरा दौरे पर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष साथ में उपस्थित रहे पदाधिकारी गण राष्ट्रीय महामंत्री नवीन चंद्र शुक्ला जी और प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश श्री लालजी शिवहरे जी और श्री उमेश प्रजापति उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश और मैथिलीशरण मुदगल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और श्री शरद नामदेव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुशासन समिति और नीरज नायक जी बुंदेलखंड महासचिव और रोहित रावत और उमेश प्रजापति जी प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड अध्यक्ष अनुशासन समिति दीपू सेन जी और बुंदेलखंड अध्यक्ष गौरव तिवारी जी प्रदेश महामंत्री योगेंद्र त्रिपाठी जी बुंदेलखंड मंत्री सोनू यादव जी उपाध्यक्ष बुंदेलखंड युवा मोर्चा महेश चंद्र जी बुंदेलखंड उपाध्यक्ष।

## मप्र पटवारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल तहसीलदार कार्यलय में किया बस्ता जामा

पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर संवाददाता पहलवान सिंह राजावत



**मालनपुर/** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर आज दिनांक 28/8/2023 से लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए हैं 2800 ग्रेड पे और आम मांगों को लेकर समूचे मध्य प्रदेश के पटवारी कलम बंद हड़ताल पर जा रहे हैं इसी के तारतम्य में तहसीलदार कार्यालय गोहद में आवेदन प्रस्तुत कर समस्त पटवारियों ने अपने रिकॉर्ड तहसीलदार कार्यालय में जमा कर कलम बंद हड़ताल पर चले गए जब इस संबंध में जिला अध्यक्ष पटवारी संघ संजय शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक समूचे भिंड जिले के पटवारी कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे गोहद तहसीलदार कार्यलय में आवेदन देते हुए जिला अध्यक्ष पटवारी संघ भिंड संजय शर्मा, तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह भदौरिया, तहसील के समस्त पटवारी गजेंद्र नरवरिया, कमल किशोर शर्मा, सीताराम अवस्थी, आशीष सेंगर, अजय विमल, अनुज शर्मा, संदीप जैन, सचिन शर्मा, रविंद्र उपाध्याय, आदित्य कुशवाह,आदित्य श्रीवास्तव, देवेंद्र सेंगर, संतोष राजपूत, अरविंद सिद्धिगी, मुकेश बौद्ध, प्रशांत शर्मा, जितेन्द्र चौरसिया, योगेश अग्रवाल, शिवानी गुप्ता, भावना वेनर्जी, मेघा दुबे, दीपशिखा, राखी जाटव, एवं समस्त पटवारी गोहद तहसील उपस्थित रहे।

## लहार की बिटिया ने किया नगर का नाम रोशन किया, नगरवासियों ने बधाई दी







अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

लहार। जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के दीक्षांत समारोह मे लहार के वरिष्ठ पत्रकार राजू त्रिपाठी की पुत्री आस्था त्रिपाठी को मध्यप्रदेश के राज्यपाल माननीय श्री मंगूभाई पटेल जी व उच्च शिक्षा विभाग मंत्री डॉ मोहन यादव के साथ साथ माननीय कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी के कर कमलों द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान किया गया।यह मैडल एम.ए एक्सटेंशन एजुकेशन एंड साइंस में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली आस्था त्रिपाठी को स्वर्ण पदक हासिल हुआ।आस्था का कहना है कि धैर्यता के साथ पढ़ाई की तो स्वर्ण पदक हासिल किया,भविष्य में खुद के विकास के साथ-साथ लोगों के काम आ सकूं ऐसा काम करने का प्रयास है,जिससे खुद के साथ समाज के विकास में भी अपनी अहम भूमिका अदा कर सकूं।आस्था त्रिपाठी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा लहार में ही ग्रहण की।उसके बाद जीवाजी विश्वविद्यालय से स्नातक और साथ ही स्नातकोत्तर से अध्ययन किया।जिसमें स्वर्ण पदक प्राप्त किया।आस्था की इस उपलब्धि पर लहार नगर वासियो द्वारा उन्हें बधाई दी गई।वहीं आपको बता दें कि आस्था त्रिपाठी के पिता एक पत्रकार हैं जो अपनी कार्यशैली के चलते हमेसा चर्चित रहते हैं।उनके पिता ने बातचीत की दौरान कहा कि कौन कहता है कि बेटियां भाग्य नही लिख सकतीं,बेटियाँ वह सब करके दिखा सकती हैं जो एक बेटा नही कर सकता हैं साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग बेटियों के पैदा होने पर उसे बोझ समझते वह गलत हैं।अंत में उन्होंने कहा कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है।

# जो अपने आँसू पोंछे वो नैन-जो दूसरे के आँसू पोंछे वो जैन: मनोज मुंतशीर

## जीतो बेंगलूरू नॉर्थ द्वारा सदस्य जुड़ाव व देशभक्ति पूर्ण रंग दे बसंती कार्यक्रम

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** जीतो के नवीन स्थापित चेप्टर जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के सदस्यों और चेप्टर से जुड़े नये सदस्यों में नेटवर्किंग बढ़ाने, सौहार्द की भावना को मजबूती देने, चेप्टर की गतिविधियों से अवगत कराने, 10 महीनों के अल्पअवधि में क्रियान्वित योजनाओं का ब्योरा देने एवं भविष्य के मुख्य आयोजनों से अवगत कराने के उद्धेश्य से जीतो अपेक्स के अमृतकाल महोत्सव के अन्तर्गत रंग दे बसंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कारगिल के स्वतंत्रता सेनानियों की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस की राष्टीयता से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम का आयोजन पैलेस ग्राउंड के अनन्तया में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत करने वाले गीतकार, प्रसिद्ध गीतों के लेखक, प्रेरक वक्ता मनोज मुंतशीर शुक्ला ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीता। कार्यक्रम में जैन समाज के प्रति अपनी भावना का प्रदर्शन करते हुए राष्टीय पुरस्कार से सम्मानित मनोज मुंतशीर ने कहा कि जो अपने आँसू पोछे वो नैन और जो दूसरों के आँसू पोछे वो जैन। जैन समाज के लिये उन्होंने यह भी कहा कि जैन कम है लेकिन कमज़ोर नहीं। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे समृद्ध जाति होते हुए भी जैन समाज अपरिग्रह की भावना को मन में रखते है, जैन समाज दौनों हाथों से कमाता है उसी रूप में धन का सत्कार्यों में विसर्जन में भी आगे रहते है। जीतो के बारे में उन्होंने दर्शकों से कहा कि समाज की शिक्षा-सेवा व आर्थिक उनत्ति को अपना लक्ष्य बनाकर काम करने वाली इस संस्था ने कोरोना के साथ-साथ देश में जब भी आपदा आयी तब सहायता का हाथ आगे बढ़ाकर अपनी राष्टभक्ति एवं राष्टधर्म को भी बखूबी निभाया है। देश प्रेम के जज्बे से भरे मनोज मुंतशीर ने कार्यक्रम में अपने संघर्षो के बारे में बताते हुए कहा कि संघर्ष बहुत मज़ेदार होते है। तेरी गलियाँ एवं तेरी मिट्टी में मिल जाँवा जैसे अतिप्रसिद्ध 750 गीतों के लेखक मुंतशीर ने बताया कि बहुत संघर्ष के बाद माया नगरी मुंबई की फ़िल्मि इंडस्ट्री में श्रेया घोषाल की एलबम ÷हमनशी÷ से उनको पहचान मिलनी प्रारंभ हुई।देश प्रेम की अपनी विराट भावनाओं को तथा भारत के सच्चे सपूतों की ÷भारत माँ÷ के प्रति सोच को रखते हुए उन्होंने कहा कि ÷ए माँ भरोसा रख अपनी संतानों पर-हम तिरंगा गाड़ देंगे आसमानों पर÷।




देशभक्ति पर उन्होंने अपनी प्रस्तुति द्वारा उपस्थित दर्शकों में देश के प्रति कर्तव्यों तथा देशप्रेम की भावना को बल दिया। माँ-पिता पर उनकी भावनात्मक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों की आँखों को नम कर दिया।

जीतो पदाधिकारियों तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं कारगिल के नायक केप्टन नवीन नागप्पा व हवलदार वी. गुमकर द्वारा राष्टीय एवं जीतो ध्वजारोहण से रंग दे बसंती कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नवकार स्मरण के पश्चात कारगिल योद्धाओं, बेंगलूरू मध्य के सांसद पी.सी. मोहन,अपेक्स निदेशक विनोद जैन व हितेश पालरेचा, जीतो बेंगलूरू के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सिंघवी, श्रीपाल खींवेसरा व अशोक नागोरी, केकेजी जोन महामंत्री दिलीप जैन, नार्थ अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा व महामंत्री सुधीर गादिया, साउथ महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल, अपेक्स महिला उपाध्यक्ष ललिता गुलेच्छा, पूर्व अपेक्स निदेशक संजय धारीवाल व गौतम देसरला,नार्थ महिला अध्यक्ष बिंदु रायसोनी व महामंत्री सुमन वेदमुथा, साउथ महिला अध्यक्ष सुनीता गांधी, नार्थ युवा अध्यक्ष मनीष कोठारी इत्यादि द्वारा द्वीप प्रज्वलन किया गया। सभी का स्वागत करते हुए नार्थ अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने कहा कि आयोजन से एकता और देशभक्ति की एक मिशाल कायम होगी और जीतो सदस्यों में मजबूत बंधन की शुरुआत होगी। सांसद पी.सी. मोहन ने एकता एवं देशभक्ति पर अपने विचार रखे तथा जीतो की समाज के प्रति सेवा भावना की सराहना की। केकेजी जोन महामंत्री दिलीप जैन ने एकता, जुड़ाव एवं देशभक्तिपूर्ण इस आयोजन की सराहना की।नॉर्थ महामंत्री सुधीर गादिया ने कहा कि रंग दे बसंती कार्यक्रम में प्रेरणा, मनोरंजन एवं एकता का मिश्रण जीतो की सच्ची भावना को दर्शाता है। रंग दे बसंती कार्यक्रम के संयोजक सिद्धार्थ पटवा, सह संयोजक राजकुमार सोलंकी व नितिन कटारिया ने कार्यक्रम के सफलता का श्रेय नॉर्थ अध्यक्ष व महामंत्री के साथ सभी उपाध्यक्षों के मार्गदर्शन तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के अथक प्रयास को दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम भाषणों एवं घोषणाओं के परे कला एवं मनोरंजन के माध्यम से देशभक्ति के सार का जश्न मनाने वाला है।जीतो बेंगलुरु नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि आयोजन के दौरान डा.श्याम ने तिरंगा जेमिंग द्वारा भारतीय ध्वज के रंगो वाली संगीतमय स्वर का माहोल पैदा किया, मेट्रिमोनी योजना की शुरुआत व महिला उद्यमियों के लिये जेबीएन वी कनेक्ट तथा जीतो प्रीमियर क्रिकेट लीग की घोषणा की गई तथा कारगिल योद्धाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गायक हितेश मेहता ग्रुप द्वारा राष्टीय भावना आधारित गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई जिससे सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये। कार्यक्रम में जीतो के लगभग 800 सदस्यों के साथ जीतो नॉर्थ उपाध्यक्ष प्रवीण शाह व सुभाष खींवेसरा, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी व सह कोषाध्यक्ष मिश्रीमल कटारिया, सचिव कमल पुनमिया व प्रमोद बाफना, समिति सदस्य अमित कोठारी, अशोक भंडारी, महेंद्र सोलंकी, ओम जैन, सुनील सकलेचा, विमलेश भंडारी व प्रकाश लुणावत व जीतो साउथ के उपाध्यक्ष अशोक गजानन, नरेश निबजिया, अमित मेहता, सुशील तलेसरा के साथ-साथ अनेकों गणमान्यों की उपस्थिति रही।

## स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम संचालित करें : कलेक्टर

### विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित कार्य हेतु नोडल अधिकारी/सहायक अधिकारियों की बैठक संपन्न

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड संजीव कुमार श्रीवास्तव ने विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित कार्यो हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं उनके सहयोग हेतु नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों/कर्मचारियों से निर्वाचन संबंधी कानून व्यवस्था, मतगणना, स्ट्रॉन्ग रूम एवं सामग्री



वितरण व जमा स्थल पर व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्था, एमसीएमसी एवं पेड न्यूज, स्वीप प्लान, मतगणना, टेबुलेशन, दिव्यांग एवं असहाय बृद्धजन मतदाता, सामग्री वितरण एवं सामग्री व्यवस्था, कंट्रोल रूम, वीडियोग्राफी, बेवकास्टिंग, चिकित्सा व्यवस्था आदि निर्वाचन कार्यो के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि सभी नोडल अधिकारी सौंपे गये दायित्वों तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर लें। निर्वाचन संबंधी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जाने, व्यापक प्रचार-प्रसार कराने, सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साईकिल एवं मोटर साईकिल रैली आयोजित करने निर्देश दिए।



## हिना कांवरे का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**मेहंगाव।** एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश विधानसभा की पूर्व अध्यक्ष सुश्री हिना कावरे का जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा एवं जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद के नेतृत्व में मेहगांव विधानसभा क्षेत्र ग्राम गाता में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में कमलेश सिंह कोरब, ब्लॉक संगठन मंत्री अरविंद शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहर सिंह जाटव, रहमान खान, मनोज कुमार जैन मामा, तहसीलदार सिंह, गुर्जर मंडलम अध्यक्ष सुनील कौरव, जयराम बघेल, राजेंद्र राठौड़, हकीम खान, भूरे खान, श्याम सुंदर बघेल, इरशाद खान, होशियार खान, सुरेश बघेल,जनरल सिंह,परमल बरेठा, अजीज खान आदि लोग सम्मिलित हुए।

## अनुपम सिंह बने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष सलभ भदौरिया की उपस्थित मे प्रदेश महासचिव सुनील त्रिपाठी ,मोहम्मद अली एवं अनिल त्रिपाठी की अनुसंशा पर जिला महासचिव मुकेश मिश्रा जिला अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में अनुपम सिंह को नागौद इकाई का ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया इस नियुक्ति पर पत्रकार साथियों ने अनुपम सिंह को बधाई दी और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष बनने पर अनुपम सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हित और अधिकारों लिए हम हमेशा खड़े रहेंगे ।

## भगवान राम की महिमा का व्याख्यान किया: संत मंहत हरिदास

पुष्पाजंली टुडे




**बेंगलुरू।** अग्रहारा दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में चातुर्मास विराजित संत महंत हरिदास ने भगवान राम की महिमा का व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि श्री राम का भाव है सदैव रहने वाली सत्ता भाव जिसका न ही जन्म होता है न ही मरण। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तब उनके नाम के आगे स्वर्गीय लग जाता है, लेकिन जब अवतारी पुरूष अपनी लीला को समेट कर इस धरा से जाते हैं तो उनके आगे स्वर्गीय नही लगता,क्योकि वह सत्ता अनिवाशी है। आगे मंहत हरिदास ने बताया कि श्री राम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और राम कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व श्रीधर पार्सद अग्रहारा दासरहल्ली,भीकमचंद, मनीष चावत,रमेश चावत का संस्था की ओर से माला शॉल द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्था के सरक्षंक इन्द्रलाल सोलंकी ,अध्यक्ष चेतन सीरवी, सचिव पंकज शर्मा, राजू पारिक एवं सनातन धर्म राजस्थानी भक्त मंडल के सदस्य अशोक कुमार जांगिड़, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुगदचन्द चौहान, रामकिशोर जांगिड़, सुरेश जांगिड़ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## पाटन तालुका स्तरीय वन महोत्सव श्री शि.ह मोदी मिश्र बुनियादि अध्यापन मंदिर राणुज में आयोजित किया गया



ब्यूरो रिपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गुजरात।** आज 74वें वन महोत्सव के अंतर्गत पाटन तालुका के श्री शि.ह. मोदी मिश्र अध्यापन मंदिर राणुजमे हुआ। समारोह की अध्यक्षता की श्री प्रेमिलाबेन पटेल अध्यक्ष श्री तालुका पंचायत पाटन, और अतिथी विशेष श्री केतनभाई प्रजापति तालुका विकास अधिकारी श्री पाटन व सभी विभाग के अधिकारी श्री कर्मचारी श्री, पदाधिकारी श्री की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संस्कृति के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई। श्री बलदेवभाई आचार्य श्री अध्यापन मंदिर ने अतिथियों का मौखिक स्वागत किया, गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत तुलसी के पौधे, साल और फुलहर से किया गया, फिर श्री विष्णुभाई देसाई राउंड फॉरेस्ट ऑफिसर श्रीने वन विभाग की विभिन्न योजनाएँ विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बाद में श्री किरणसिंह ठाकोर, श्री नरेशभाई परमार, श्री अश्विनभाई पटेल ने प्रासंगिक व्याख्यान दिया और तालुका विकास अधिकारी श्री पाटन ने पर्यावरण के बारे में जानकारी दी और सरकार की विभिन्न योजनाएँका लाभ उठाकर तालुका में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। वन विभाग में उत्कृष्ट सेवा देने वाले 2 कर्मियों को सम्मानित किया गया, जिसके बाद गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था के बगीचे में वृक्षारोपण किया और पौधा वितरण रथ को गणमान्य लोगों द्वारा रवाना किया गया और पौधे लगाए गए व वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.श्रीमती शोभनाबेन राजपूत एवं विष्णुभाई देसाई ने किया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत जिला कन्ट्रोल रूम स्थापित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिले में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में मदद के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अपर कलेक्टर राजकुमार खत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत डॉ अम्बेडकर जी की दीक्षा भूमि नागपुर यात्रा दिनांक 01 सितम्बर 2023 से 04 सितम्बर 2023 तक आयोजित की जा रही है। यात्रा के संबंध में भिण्ड जिले का कन्ट्रोल रूम जिला लोक सेवा प्रबंधक कार्यालय जिला भिण्ड में स्थापित किया जाता है।

## भिण्ड में विद्युत अधोसंरचना के विकास कार्यों के लिए 180 करोड़ रुपये स्वीकृत

### उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्य क्षेत्र के भिंड जिले में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करते हुए विद्युत हानियों को कम करने के उद्देश्य से 180 करोड़ रुपये स्वीरकृत किये गये हैं। केन्द्र सरकार द्वारा रिवेम्ड्युत डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत प्रथम चरण में 140 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गए हैं। वहीं इसके अतिरिक्त प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना (एसएसटीडी) के माध्यम से विद्युत अधोसंरचना कार्यो के लिए 40 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्वीकृत राशि से कराये जाने वाले कार्यों में अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना, 42 किलो मीटर 132 के.व्ही अति उच्च दाब लाइन का निर्माण, 6 नवीन 33/के.व्ही उपकेन्द्र निर्माण एवंवोल्टेज व्यवस्था में सुधार के लिए 25 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक की स्थापना, दो 33 ध् 11 के.व्ही उपकेन्द्र में क्षमता वृद्धि एवं अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापना,66 किलोमीटर 33 एवं 11 के.व्ही उच्च दाब फीडर्स का निर्माण कार्य सम्मिलित है। गौरतलब है कि भिंड जिले में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करते हुए विद्युत हानियों को कम करने के उद्देश्य से कराये जा रहे इन कार्यों के पूर्ण होने से एक ओर जहॉ विद्युत वितरण प्रणाली मजबूत होगी वहीं दूसरी ओर विद्युत हानियां कम होकर प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



## रानी बागरी द्वारा मंडल सेमरवारा मोदी जी की मन की बात सुनने का किया गया आयोजन

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

**सतना।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 104 एपिसोड मन कीबात कार्यक्रम मंडल सेमरवारा के बूथ 98,99,100 सितपुरा में पर्यवेक्षक श्रावस्ती विधायक आदरणीय श्री रामफेरन पांडे जी के मुख्य आतिथ्य में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थित में देखा सुना गया। कार्यक्रम की आयोजक रानी बागरी जी रही। जिसमे मुख्य रूप से रैगांव विधानसभा के प्रवास में आए श्रावस्ती के विधायक माननीय राम फेरन पांडे, विधानसभा संयोजक जी, अनुमोर्चा अध्यक्ष सत्यनारायण बागरी, वरिष्ठ नेता नारायण प्रताप सिंह, ऊषा चौधरी, मंडल अध्यक्ष लौकश सिंह, कल्याण सिंह महिला मोर्चा महामंत्री प्रियंका रानी बागरी, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा,राजमन बागरी, मंडल महामंत्री सीतेंद मिश्रा, कार्यालय मंत्री दिलीप द्विवेदी, नागेंद्र सिंह, अमित सिंह जी सरपंच छिन्दा, पूर्व उपाध्यक्ष राहुल पांडे जी, गौरव सिंह परिहार, बूथअध्यक्ष योगेन्द्र त्रिपाठी रिंकू, विवेकानंद तिवारी, भूपेंद्र पांडे, नीतू सोनी, युमो अध्यक्ष भूपेंद्र रजक, रोहित तिवारी, विनोद द्विवेदी, रामकेश गुप्ता, ऋक्कसिंह, मनोज गर्ग, गिरीश गर्ग, शैलू सिंह, अंकित सिंह, कल्याण सिंह, प्रमोद शर्मा, सोनू सिंह, सचिन सिंह, विनीत शर्मा, शिवेंद्र सिंह, एवं रैगांव विधानसभा के चारों मंडल के समस्त कार्यकर्ता गण एवं बूथ के निवासी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के ऑनलाइन सर्वे के लिए दिया गया प्रशिक्षण



अंबाह। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय शिक्षकों का दिव्यांग बच्चों के ऑनलाइन सर्वे हेतु प्रशस्त एप का प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केंद्र अंबाह में सोमवार को दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीआरसी राम अवतार सिंह सिकरवार, बीएसी कमल सिंह तोमर, बीएसी लाल बहादुर शर्मा एवं सूरजपाल सिंह गुर्जर, मीना सखवार एवं एम आर सी विनोद सिंह तोमर द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर प्रशस्त एप प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से देते हुए ब्लॉक के एमआरसी विनोद सिंह तोमर द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता व शासन से प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर हरीश सिंह तोमर एवं विनोद तोमर व विपिन गुप्ता द्वारा प्रशस्त एप के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को मोबाइल से ऐप डाउनलोड करवाया गया, साथ ही एप में बताया गया कि किस प्रकार बच्चों की ऐप पर स्क्रीनिंग करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक अपनी संस्था में जाकर प्रशस्त एप के माध्यम से कक्षा के सभी 63 बिंदुओं के माध्यम से बच्चों की स्क्रीनिंग करेंगे। अंत में सभी शिक्षक शिक्षकों का बीआरसी रामअवतार सिंह एमआरसी विनोद तोमर द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## डोंगरपुर से खुमान का पुरा रास्ते से अतिक्रमण हटाने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**कैलारस।** ग्राम पंचायत डोंगरपुर व्दारा एस आर पेट्रोल पम्प से खुमान का पुरा के रास्तै पर मुरम व गिट्टी डाली जा रही है। रास्ते पर अतिक्रमण होने से 10 -12 फुट की सकरी रोड डल रही है जबकि खसरे में 30 से 35 फुट का रास्ता है, जिससे आवागमन में तथा पानी निकासी के लिए नाली बनाने में भी समस्या आयेगी। उक्त अतिक्रमण को हटवाने व पर्याप्त चौड़ी रास्ता व नाली बनवाने की मांग को लेकर एसडीएम को नई बस्ती डोंगरपुर निवासियों ने ज्ञापन दिया। इस आंदोलन का नेतृत्व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव महेश प्रजापति, किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने किया। इस अवसर पर बबलू प्रजापति, पप्पू प्रजापति, आसाराम, सूरज, प्रकाश कुशवाह, सोनू, दौजी राम जाटव आदि सहित सैकड़ों मोहल्ला वासी उपस्थित रहे। ज्ञापन स्वीकार कर एसडीएम ने अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया और पंचायत सचिव बृजकिशोर शर्मा को तुरन्त कार्यवाही करने का आदेश दिया। आन्दोलनकारियों ने कहा कि कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में आगामी आंदोलन की रणनीति बनाकर आंदोलन तीव्र किया जाएगा।

## गोविन्दगढ़ पुलिस की कार्यवाही गंभीर वारदात की फिराक में धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को पुलिस ने अबैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)




**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मुड़बिर की सूचना पर खन्धो मोड के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी अखिलेश शुक्ला पिता श्री लक्ष्मी नारायण .शुक्ला .उम्र 35 वर्ष निवासी बासा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 280/2023 धारा 25-क्कआर्म्स एक्ट अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार) किया गया है सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, गुलाब सिंह सिंह, प्रधान आरक्षक गंगा सेन, प्रधान आरक्षक केमला प्रसाद, आरक्षक उपेन्द्र सिंह, शिवानी सिंह।

# विधानसभा क्षेत्रवार वर्लनरेबिलिटी मैपिंग तत्काल प्रस्तुत करें: कलेक्टर

### पुलिस और राजस्व अधिकारियों की संयुक्त बैठक





पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

सतना। विधानसभा चुनाव 2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सभी रिटर्निंग आफीसर और एसडीओपी के संयुक्त हस्तांक्षरित बर्ल्नरेबिलिटी मैपिंग तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक विधानसभा क्षेत्रवार एक भी बर्ल्नरेबिलिटी मैपिंग प्राप्त नहीं होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। सोमवार को राजस्व और पुलिस अधिकारियों की सम्पन्न बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, विक्रम सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह, विजय प्रताप सिंह, सभी एसडीएम और रिटर्निंग आफीसर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सहायक रिटर्निंग आफीसर और सेक्टर आफीसर उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने कहा कि शासकीय सेवकों के पूरे सेवा काल में कुल 5 या 6 बार चुनाव कराने का अवसर मिलता है। शासकीय सेवा में निर्वाचन कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता और गंभीरता से पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि एक माह पूर्व समीक्षा बैठक लेकर सभी राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण कर बर्ल्नरेबिलिटी मैपिंग और क्रिटिकल मतदान केन्द्र के चिन्हांकन के निर्देश दिये गये थे। सेक्टर अधिकारियों की रिपोर्ट और आर.ओ. तथा एसडीओपी के संयुक्त भ्रमण के आधार पर चिन्हांकित बर्नरेबल पाकेट और क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की रिपोर्ट फारमेट में सोमवार शाम तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। ताकि निर्वाचन आयोग को समय सीमा में जानकारी भेजी जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व विधानसभा चुनावों के चिन्हित बर्ल्नरेबल पाकेट, व्यक्तियों एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बर्ल्नरेबल और क्रिटिकल के दायरे से बाहर होने की स्थिति में कारण सहित टीप भी दर्शाये। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भय रहित वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने में वर्ल्नरेबित और क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की मैपिंग की महत्वपूर्ण और अनिवार्य भूमिका है। चुनाव को प्रभावित कर सकने वाले तत्वों और कारकों का पारदर्शी और विस्तृत तरीके से चिन्हांकन कर बर्ल्नरेबिलिटी रिपोर्ट बनाये और चुनाव की तैयारियों के पूर्व इन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी करें। उन्होंने कहा कि बर्ल्नरेबिलिटी मैपिंग की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखे।

## केन्द्रीय जेल में बंदियों को राखी बांध सकेंगी बहनें

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना। जेल अधीक्षक ने बताया कि 30 अगस्त को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर केंद्रीय जेल सतना में निरुद्ध बंदियों की मुलाकात और राखी बांधने की व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थायें की गई है। जारी दिशा-निर्देश के अनुसार पुरुष बंदियों से मुलाकात एवं राखी बांधने के लिए केवल उनके परिवार की महिला सदस्यों व 6 वर्ष से कम आयु के बालक को ही जेल गेट के अन्दर प्रवेश दिया जायेगा। महिला बंदियों के भाईयों को दोपहर 2:30 बजे के बाद मुलाकात एवं राखी बंधवाने का समय दिया जायेगा। बंदी से मुलाकात का समय अधिकतम 15 मिनट निर्धारित किया गया है। 15 मिनट पूर्ण होते ही मुलाकाती परिजन को स्वतः जेल से प्रस्थान करना होगा। बंदियों से मुलाकात के लिए प्रातः 8 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक पंजीयन किया जायेगा। बंदियों के परिजन पहचान हेतु आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, राशन कार्ड, मतदाता परिचय-पत्र, पेन कार्ड आदि में कोई एक दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ लेकर आवें। अपने कीमती सामान, पर्स, मोबाइल, रूपया-पैसा अपने परिजन को बाहर देकर ही जेल गेट पर प्रवेश करें। सामग्रियाँ जेल के अन्दर ले जाने की अनुमति नही होगी। किसी भी सामान के खो जाने पर जेल प्रशासन की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी। बने हुए भोजन व बाहर से बने किसी भी प्रकार के मिष्ठान को अन्दर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल मौसमी फल (सेब, केला, अनार) व पैक्ड मिठाई गजक, सोन पापड़ी 250 ग्राम तक जेल के कैण्टीन से क्रय कर अन्दर ले जाना अनुमत किया गया है। नारियल जेल के अंदर लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन द्वारा पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें हल्दी, चावल, सिन्दूर आदि रहेगा। रूमाल, राखी, स्वयं लेकर आयें। कैदी से मुलाकात के लिए आने वाले सभी परिजन बाहर एकत्र हो जावे तभी बंदी से मुलाकात करें। बार-बार एक ही बंदी को मुलाकात स्थल पर नहीं बुलाया जावेगा। नगद रूपये देना या लेना सख्त मना है। मुलाकात में आने वाले समस्त परिजन अपने वाहन माँ वैष्णों देवी धाम में बने वाहन स्टैन्ड में नियत स्थल पर खड़ा करें। रक्षाबंधन पर्व की सुचारू व्यवस्था हेतु समय-समय पर दिये गये निर्देशो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।



## आदिवासियों के दुःख दर्द में शामिल होकर कांग्रेसियों ने जंगल में बिताई रात

**मुरैना।** शनिवार की सुबह फॉरेस्ट विभाग की टीम ने बिना नोटिस दिए धनेला पंचायत में करह बाबा का पूरा गांव में 70 वर्ष से निवास कर रहे सहरिया आदिवासियों के कच्चे पक्के मकानों को तोड़ दिया, यही नहीं मारपीट कर कई आदिवासियों को घायल किया तथा उनका सामान भर ले गए। आदिवासियों पर हुए अत्याचार को लेकर कांग्रेस ने आक्रोश जताया और पूरी रात उनके दुख दर्द में शामिल होकर भोजन पकाकर खिलाया। शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, जौरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पंकज उपाध्याय, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र सहित तमाम कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को जब पता चला कि भाजपा के मंत्रियों एवं नेताओं के इशारे पर सहरिया आदिवासियों के घरों को तोडकर उन्हें बेदखल कर दिया गया है, वैसे ही रविवार को सुबह से ही कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदिवासियों के आंसू पहुंचने के लिए मौके पर पहुंच गए। रविवार की देर शाम को कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आदिवासियों के साथ उन्हें न्याय दिलाने हेतु डेरा डाल लिया और रात भर वीरान जंगल में आदिवासियों के साथ उनके सुख-दुख में शामिल रहे तथा भोजन पकाकर खिलाया। दीपक शर्मा ने कहा है कि भाजपा के मुख्यमंत्री एक और आदिवासियों के नाम पर सम्मेलन तथा तमाम नाटक नौटंकी कर सुर्खियां बटोर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर उनके मंत्री एवं नेताओं के इशारे पर आदिवासियों के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है, कांग्रेस यह कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस पदाधिकारी ने जिला कलेक्टर के नाम एडीएम श्री प्रसाद को ज्ञापन देकर मांग की है कि फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी कर्मचारी जिन्होंने मकान तोड़े एवं आदिवासियों की मारपीट की, उन पर मुकदमा दर्ज किया जाए, आदिवासी परिवारों को पुनः वहीं पर जगह आवंटित कर आवास बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाए, जो आदिवासी परिवार की महिलाएं बच्चे एवं युवा बीमार हुए हैं, उनके लिए वहीं पर कैंप लगाकर उपचार कराया जाए एवं उनके भोजन की समुचित व्यवस्था की जाए।



**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से कराई सरिता आदिवासी की बात**-देर शाम को कांग्रेस पदाधिकारी ने आदिवासियों के बीच रहकर उन पर हुए अत्याचार से पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया तथा वहां पर उपस्थित सरिता आदिवासी की कमलनाथ से फोन पर चर्चा कराई गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं और पूरी मदद की जाएगी।

## स्कूल के बच्चे कलेक्टर को राखी बांधने पहुंचे

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना



**सतना।** बद्रीपुरम स्थित श्री सांई पब्लिक स्कूल की नन्हीं छात्राओं ने सोमवार को सुबह कलेक्टर निवास पहुंचकर कलेक्टर अनुराग वर्मा को राखी बांधी। कलेक्टर दम्पत्ति ने नन्हीं छात्राओं का बंगले पर आत्मीय स्वागत किया और स्नेहपूर्वक उन्हें मिठाईयों के उपहार भेंट किये। इस मौके पर स्कूल की छात्राओं ने सीमा पर तैनात सैनिक भाईयों के लिए अपने हाथों से तैयार की गई तिरंगा राखियां भी कलेक्टर को भेजने के लिए प्रदान की।

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की गति बनाये रखे: कलेक्टर

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

**सतना ।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों से सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की गति बनाये रखते हुए ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये है। सोमवार को सम्पन्न समय सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा

### समय सीमा प्रकरणों की बैठक सम्पन्न

की गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झा?, अधीक्षणयंत्री विद्युत जीडी त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा विभागप्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि इस सप्ताह 556 शिकायतों की वृद्धि होकर कुल शिकायतों की संख्या 17 हजार 502 हो गई है। अगस्त माह की अभी 13 हजार शिकायतें मिली है। माह के अंतिम दिवस तक यह 15 हजार के लगभग हो सकती है। इन शिकायतों में 8 हजार 251 शिकायतें अभी भी लंबित है। सतना जिले का ग्रेडिंग में वर्तमान में 8 वां स्थान है। शिकायतों का त्वरित निराकरण कर यह गति बनाये रखे। ताकि अंतिम ग्रेडिंग के समय जिले की अच्छी ग्रेडिंग रहे। जल



जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान स्कूलों में अब तक किये गये कनेक्शनों की जानकारी ली गई। सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय परियोजना के कार्यों में इन्टेक वेल की पावर सप्लाई के लिए विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर चार्जिंग की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने खाद्यान्न वितरण, उठाव और पूर्ति की समीक्षा भी की। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनपद पंचायत वार, ग्रामीण आवास और नगरीय निकायवार पूर्ण किये गये आवासों की जानकारी भी ली गई। बैठक में विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा भी की गई।

निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने संलग्न नोडल अधिकारियों को निर्वाचन कार्य त्वरित और समय सीमा के भीतर निष्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए विधानसभा क्षेत्रवार अब तक शून्य फार्म फीडिंग वाले मतदान केन्द्रों का परीक्षण करने के निर्देश निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिये। कर्मचारी डाटा बेस की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों या संस्थाओं ने अपने कर्मचारियों की सम्पूर्ण डाटा फीडिंग नहीं की है। उन विभाग प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सितम्बर माह चलने वाले कृमि नाशन अभियान की जानकारी दी।

### स्नेह यात्रा का आखरी दिन

# समरसता, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य रक्षा का संदेश दे रही है स्नेह यात्रा

## स्वामी जी ने ग्राम वासियों और विद्यार्थियों को बताया योग और ध्यान का महत्व मैना के विद्यालय में वृक्षारोपण और ककरधा में गाय के बछड़े का पूजन कर स्वामी जी ने समझाया गाय और पर्यावरण का महत्व





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** स्नेह यात्रा समापन आज ग्वालियर जिले के भितरवार विकासखंड की ग्राम करहिया में हुआ ।पूज्य संतों के सान्निध्य में स्नेह यात्रा के माध्यम से ग्वालियर जिले में समरसता, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य रक्षा का समझाया संदेश गांव गांव तक पहुंचा। स्नेह यात्रा के अंतिम दिन आज भितरवार विकासखंड के गाँव-गाँव में उत्सुकता से लोग स्नेह यात्रा दल की प्रतीक्षा करते मिले । नोनकी सराय,मैना, दोनी, ररुआ, ककरधा गांव में यात्रा के प्रवेश करने से पूर्व कलश यात्रा निकाली जिसमें महिलाएं तथा बालिकाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। स्वामी जी ने मैना के विद्यालय में वृक्षारोपण और ककरधा में गाय के बछड़े का पूजन कर स्वामी जी ने गाय और पर्यावरण का महत्व समझाया।मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद, योग आयोग, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार, श्री रामचंद्र मिशन के संयुक्त




तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई स्नेह यात्रा का आज जिले की भितरवार विकासखंड के ग्राम करहिया में समापन हुआ, जहां पर समस्त सहभागी संस्थाओं के प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर परजन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक श्री सुशील बरुआ, विकासखंड समन्वयक मनोज दुबे, हरिओम गौतम, रुस्तम सिंह आदि उपस्थित थे।

**निरंतर बढी सहभागिता**–स्नेह यात्रा के अंतिम दिवस आज चीनोर में आयोजित के समरसता भोज में सभी समाज के लोगों महिलाओं तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्नेह यात्रा ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाकर समरसता की नई पहचान बनी। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र दीक्षित बताते हैं कि जिले में अब तक 110 ग्रामों में आयोजित जनसंवादों में 50000 से भी अधिक ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित हुए । स्वामी जी ने ग्राम वासियों और विद्यार्थियों को बताया योग और ध्यान का महत्व स्नेह यात्रा में यात्रा के प्रारंभ स्थल ग्राम वासियों एवं विद्यार्थियों को जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर एवं स्थानीय योग प्रभारी द्वारा योग एवं ध्यान कराया जाता है। वृंदावन से पधारे स्वामी भारतानंद जी ने कहा कि योग के द्वारा ही हमारा तन एवं मन शुद्ध होता है। जब हम प्रतिदिन योगाभ्यास करेंगे तो हमारे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और बुद्धि का निवास होता है। स्वामी भारतानंद जी ने समरसता के संदेश के साथ आपसी भाईचारे के लिए जन जन तक स्नेह यात्रा के माध्यम से राष्ट निर्माण के लिए गाँव गाँव में एकता का संदेश दिया है और बताया कि मध्यप्रदेश की सरकार ही एक ऐसी सरकार हैं जहाँ धर्मध्वजा के साथ स्नेह का संदेश विभिन्न प्रान्तों के संत महात्माओं के माध्यम से दे रही हैं।

## बरैठा टोल प्लाजा पर नहीं लगेगा जाम 1 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से 9 वी लाइन का प्रोजेक्ट प्रबंधक ने किया शुभारंभ

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर, पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 719 ग्वालियर भिंड मालनपुर के पास स्थित बरेठा टोल प्लाजा पर एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से दो रिवर्स लाइन और एक मेंन लाइन का शुभारंभ टोल प्रबंधक अमित सिंह राठौड़ ने नारियल फोड़कर किया है। अब यहां से आवागमन प्रारंभ हो चुका है। बता दें भारी ट्रैफिक के चलते प्रतिदिन जाम की स्थिति से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 10ः बजे से दोपहर 2ः बजे कर्मचारियों की स्विफ्ट का कंपनियों में आना-जाना रहता है। टोल प्लाजा पर जाम और वहां फसने के कारण कर्मचारी निश्चित समय पर कंपनी नहीं पहुंच पा रहे थे। जिसको लेकर मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधको ने प्रदेश के उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री व कलेक्टर भिंड ग्वालियर से टोल प्लाजा पर एक और अतिरिक्त लाइन बनाई जाने की मांग करते हुए जाम की शिकायत की थी ।औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधकों की मांग पर पी एन सी कंपनी के टोल प्रबंधक अमित राठौर ने बताया कि अभी तक टोल प्लाजा पर 6 लेने आवागमन के लिए थी । औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधकों की मांग पर एम पी आर डी सी रोड डेवलपमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों पी एन सी कंपनी के संचालक प्रबंधकों से चर्चा के बाद दो रिवर्स लाइन और 9 वी लाइन एवं चौड़ीकरण का निर्णय लिया गया एक करोड 75 लाख रुपए की लागत से एक और अतिरिक्त 9 लाइन का निर्माण कराया गया है। जिससे फास्ट ट्रैक हार्डवेयर कंप्यूटराइज रोड 360 हाइड लाइट का कार्य पूर्ण हो चुका है। आज इसका शुभारंभ हो चुका है। यहां लगने वाले जाम से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। शुभारंभ अवसर पर प्रोजेक्ट प्रबंधक अमित सिंह राठौर प्रोजेक्ट हेड ,सीनियर इंजीनियर सम्राट अशोक मिश्रा टोल प्लाजा उप प्रबंधक ओमप्रकाश बैनीवाल, राहुल जैन अकाउंट ऑफिसर आदित्य शर्मा अकाउंट मैनेजर विकास शर्मा एडमिन, इंचार्ज राघवेंद्र शर्मा , हितेंद्र इंदौलिया और समस्त स्टाफ उपस्थित रहें हैं ।



# पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य की समझाइस पर ग्रामीणों ने किया भाजपा का समर्थन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं जहां भारतीय जनता पार्टी के तीन बार के विधानसभा क्षेत्र गोहद से रहे विधायक ,पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष लाल सिंह आर्य को प्रत्याशी बनाया है जिसको लेकर कई जगह विरोध के स्वर उठने लगे थे जहां पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य एवं उनके समर्थकों द्वारा गांव गांव जाकर लोगों से चर्चा की जा रही हैं एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने की आश्वासन भी दिया जा रहा है इसी के चलते ग्राम पंचायत एण्डोरी में लगभग दो दर्जन लोगों ने एंडोरी को टप्पा तहसील न बनने एवं हायर सेकेंडरी स्कूल न होने पर विरोध जताया था एवं जिस पर ग्रामीणों के बीच पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य जब एण्डोरी गांव में पहुंचे तो सभी लोगों की समस्याओं को सुना एवं तुरंत निराकरण करते हुए सभी लोगों को आश्वासन दिया कि तहसीलदार एंडोरी में बैठा करेगा एवं शीघ्र ही हायर सेकेंडरी स्कूल की भी व्यवस्था गांव में करने की बात की जाएगी जिस पर सभी ग्रामीणों ने सहमति जताई एवं विरोध कर रहे ग्रामीणों से चर्चा करने के दौरान कहा कि हमारे गांव में तहसील टप्पा बनाने के लिए एवं हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने के लिए वर्ष 2008 एवं 2012 में घोषणाएं की गई थी लेकिन वह पूरी नहीं हुई जिसको लेकर हमने विरोध जताया था जहां पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने पहुंचकर हम लोगों की बात सुनी एवं तहसीलदार को एण्डोरी में बैठने की बात कही तथा हायर सेकेंडरी स्कूल की भी समस्या का हल करने की बात कही जिसको लेकर हम भाजपा का समर्थन करेंगे गलतफहमी के कारण पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य गांव में ना आते हुए दूसरे रास्ते से निकल गए थे लेकिन बाद में वापस आकर उन्होंने हमारी बात सुनी इसलिए सभी भाजपा का समर्थन करते हैं



# कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग रूम का लिया जायजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये जाने वाले समस्त 8 विधानसभा के लिए प्रस्तावित स्ट्रांग रूम एवं काउटिंग रूम का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जायजा लिया। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के पश्चात की जाने वाली काउटिंग एवं स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित किये गये पार्टीशन कर बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम को परिवर्तित कर दूसरे कक्षों में स्ट्रांग रूम बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इंजीनियरिंग कालेज के तृतीय तल पर बनाये जाने वाले काउटिंग कक्षों को परिवर्तित कर स्ट्रांग रूम के निकट बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने उप निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले को इंजीनियरिंग कालेज का पुनः भ्रमण कर पोलिंग एजेण्टों को काउटिंग रूम में व्यवस्थित रूप से काउटिंग का अवलोकन करने के लिए पर्याप्त स्थान पर काउटिंग कक्ष बनाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले, एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने प्रस्तावित ग्लोबल स्किल पार्क का किया अवलोकन - कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इंजीनियरिंग कालेज के निरीक्षण के दौरान इंजीनियरिंग कालेज की रिक्त पड़ी 25 एकड़ जमीन में स्किल पार्क विकसित करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कालेज के पीछे रिक्त पड़ी भूमि में ग्लोबल स्किल पार्क बनने पर बेरोजगार युवकों को अपने कौशल विकास का अवसर प्राप्त होगा। रीवा जिले के बेरोजगार छात्र एवं छात्राएं ग्लोबल स्किल पार्क में अपना कौशल उन्नयन कर अपना भविष्य सुनहरा बना सकेंगे। छात्रों का कौशल विकास होने पर कई कंपनी उन्हें सीधे रोजगार देंगी। इस मौके पर एसडीएम अनुराग तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, निर्माण एजेंसी के कार्यपालन यंत्री एवं अधिकारी उपस्थित थे।



## श्री बीडीएस आर्ट्स साइंस कॉमर्स कॉलेज पाटन राष्ट्रीय शायर झवेरचंद मेघानीजी के 127वें जन्मदिन के अवसर पर मेघाणी वंदना कार्यक्रम आयोजित



**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय पाटन संबद्ध श्री पाटन जैन मंडल द्वारा प्रबंधित श्री बीडीएस आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज पाटन 28/08 /23, सोमवार को कॉलेज के गुजराती विभाग ने मेघानीजी की 127वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मेघानी वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में गुजराती विभाग के अध्यक्ष डॉ. पारस खमार ने मेघानीजी के जीवन एवम् कृतीओ के बारे में बुनियादी जानकारी दी, उनके लोक गीत चारण कन्या, कसुम्बी नो रंग, कोइनो लाडक्कायो, शिवाजी का झुला गीत, छेल्लो कटोरो झेरनो, मोर बनी ने थनगाट करे के बारे में जानकारी दी और कुछ रचनाएँ गाई गईं कुछ विद्यार्थियों को मेघानीजी के जीवन पर आधारित साईराम दवे, कीर्तिदान गढ़वी, आदित्य गढ़वी, राजभा गढ़वी, प्रफुल्ल दवे जैसे गुजराती लोक लेखकों की रचनाएँ प्रस्तुत की गईं और उन्होंने मेघानीजी के साहित्य को याद किया और उन्हें सलाम किया। कार्यक्रम में विज्ञान एवं वाणिज्य के अध्यक्ष डॉ. रोशनी साल्वी, अर्पिता पटेल, कार्यक्रम के एसोसिएट प्रोफेसर जयेशभाई, ऋषिकेषभाई एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन गुजराती विभाग की नेहलबेन पाठक ने किया।




## केन्द्रीय जेल में रक्षाबंधन पर्व पर बंदियों को उनकी बहनों द्वारा राखी बांधने की रहेगी विशेष व्यवस्था

**दैनिक पुष्पांजली टुडे, (ब्यूरो चीफ रीवा)**

रीवा। केन्द्रीय जेल के जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक वर्षों की तरह इस वर्ष भी 30 अगस्त को पड़ने वाले रक्षाबंधन पर्व में परिरूद्ध बंदियों को उनकी बहनों द्वारा राखी बांधने की विशेष मुलाकात की सुविधा दी जायेगी। जेल अधीक्षक ने बताया कि भाई बहन के पर्व को ध्यान में रखते हुए मुलाकात के लिए प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक पंजीयन कराया जायेगा। बहनों को फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था केन्द्रीय जेल एवं रीवा सर्किल के अन्तर्गत आने वाली जेलों में की गयी है। जेल अधीक्षक ने बताया कि परिरूद्ध बंदियों से बहनों की मुलाकात कराने के लिए जिलेवार अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि मुलाकात काउंटर में नाम लिखवाने के बाद बहनों को टोकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पांच वर्ष की आयु के बच्चों को प्रवेश दिया जायेगा। जेल प्रशासन द्वारा अक्षत, हल्दी, तिलक, थाली की व्यवस्था की जायेगी। बहनों को 100 ग्राम मिठाई एवं रक्षासूत्र ले जाने की पात्रता होगी। शेष अन्य सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। बंदियों से उनकी बहनों की मुलाकात विशेष सुरक्षा प्रबंध के दायरे में होगी। जेल प्रशासन द्वारा बनाये गये नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। नियमों का पालन न करने पर संबंधित की मुलाकात नहीं करायी जायेगी।

# बीएसएफ टेकनपुर में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में आज सुबहरोजगार मेले के 8वे चरण का आयोजन किया गया। देशभर के 45 स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में कुल 218 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। जिसमें केन्द्रीय पुलिस बलों जैसे - सीमा सुरक्षा बल, सीआरपीएफ, एसएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, आईटीबीपी व असम राइफल्स में चयनित युवाओं को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में, इस आयोजन के मुख्य अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक एवं निदेशक अकादमी टेकनपुर परविन्दर सिंह बैंस, ने युवाओं से संवाद किया व प्रधानमंत्री के साथ वीडियो कांफ्रेंस द्वारा जुड़कर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आईजी एवं संयुक्त निदेशक अकादमी बी के झा, ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेंट किया। डीआईजी अजीत कुमार सीएसएमटी ने मुख्य अतिथि उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीयों व अभ्यर्थियों का अभिनंदन किया तथा बताया कि देश भर में 45 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमें से 17 स्थानों पर सीमा सुरक्षा बल इसका आयोजन कर रही है। मुख्य अतिथि परविन्दर सिंह बैंस ने अपने संबोधन में युवाओं को देश की असली शक्ति बताया और चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। देश वर्तमान में जनसंख्या को समस्या नहीं बल्कि मानव संसाधन की तरह देख रहा है। नव नियुक्त युवाओं को देश सेवा का मौका मिला है वो उसका लाभ उठाए और देश की प्रगति में योगदान दे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में नव नियुक्त युवाओं और उनके परिवारजनों को बधाई दी और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को अपने भीतर के विद्यार्थी को जिंदा रखकर, आगे बढ़ने के संकल्प के साथ, मिशन कर्म योगी से जुड़कर काम करते - करते अपनी योग्यता ब?ाते हुए देश के विकास में सहायक बनना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान - 3 मिशन की कामयाबी की भी सराहना कि और कहा की देश में विकास का अमृतकाल चल रहा है जिसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय पुलिस बलों में नव नियुक्त युवाओं को अमृत रक्षक कहकर संबोधित किया व कहा की आप को देश और उसके नागरिकों की रक्षा करने का दायित्व सौंपा गया है। देश को विश्वास है आप सभी अपने दायित्व को सफलता पूर्वक निभायेगे। इस अवसर पर नीलम धाकड़, नव चयनित उप निरीक्षक, सीआरपीएफ तथा रूचि कुशवाह नव चयनित कांस्टेबल बीएसएफ ने सभी अभ्यर्थियों की तरफ से मुख्य अतिथि , उपस्थिति सभी वरिष्ट अधिकारीयों और पत्रकारों का आभार प्रकट किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन पर मनीष चन्द्र, कमांडेंट (नोडल अधिकारी) ने मुख्य अतिथि का आभार जताया और और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आई जी के एल साह, डॉ. एस पी तिवारी, डीआईजी राजेश शर्मा एवं बीएसएफ अकादमी टेकनपुर के अन्य पदाधिकारी, नव नियुक्त युवा और उनके परिवारजन भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478